हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 मई 2024
बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़




# संजीवनी
## हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

## कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरुकता अभियान
"It's Not Only A Camp... It's for Your Future Health"

**फ्री कैंसर चेकअप कैम्प**

**दिनांक** 12 मई से 31 मई तक | **समय** प्रातः 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक | **संजीवनी हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल** पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

## प्रोस्टेट कैंसर

**प्रोस्टेट कैंसर के कारण:**
विशेषज्ञ निश्चित नहीं हैं कि किस कारण से आपके प्रोस्टेट की कोशिकाएं कैंसर कोशिकाएं बन जाती हैं। सामान्य कैंसर की तरह, प्रोस्टेट कैंसर तब बनता है जब कोशिकाएं सामान्य से अधिक तेजी से विभाजित होती हैं। जबकि सामान्य कोशिकाएँ अंततः मर जाती हैं, कैंसर कोशिकाएँ नहीं।

**प्रोस्टेट कैंसर के लक्षण:**
प्रोस्टेट कैंसर प्रोस्टेट ग्लैंड से शुरु होता है, यह अंग केवल पुरुषों में पाया जाता है। पुरुषों की उम्र के बढ़ने पर, प्रोस्टेट कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। लक्षण, जैसे कि पेशाब करने में कठिनाई, बार-बार और तत्काल पेशाब करने की ज़रुरत, और पेशाब में खून जैसी समस्याएँ, आमतौर पर कैंसर के बढ़ जाने के बाद ही आती हैं।

**प्रोस्टेट कैंसर बढ़ने का मुख्य कारण क्या है?**
प्रोस्टेट वृद्धि का वास्तविक कारण अज्ञात है। उम्र बढ़ने और अंडकोष की कोशिकाओं में परिवर्तन से जुड़े कारकों की ग्रंथि के विकास में भूमिका हो सकती है, साथ ही टेस्टोस्टेरोन का स्तर भी। जिन पुरुषों ने कम उम्र में अपने अंडकोष हटा दिए हैं (उदाहरण के लिए, वृषण कैंसर के परिणामस्वरुप) उनमें बीपीएच विकसित नहीं होता है।

**प्रोस्टेट कैंसर का निदान कैसे किया जाता है?**
प्रोस्टेट कैंसर का इलाज दो तरीके से किया जाता है जिसमें पहला विकल्प ऑपरेशन का है जिसमें प्रोस्टेट को निकाल दिया जाता है. हालांकि इसके बाद कई पुरुषों को इरेक्टाइल डिसफंक्शन और यूरीनरी इनकॉन्टिनेंस की समस्या हो जाती है. इलाज का दूसरा विकल्प रेडियोथेरेपी है जिसमें एक्स-रे बीम के जरिए ट्यूमर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है.

## गैस्ट्रिक कैंसर

**पेट का कैंसर (गैस्ट्रिक कैंसर) क्या है?**
**पेट के कैंसर में - जिसे गैस्ट्रिक कैंसर भी कहा जाता है -** आपके पेट में कैंसर कोशिकाएं अनियंत्रित रुप से बढ़ती हैं। कैंसर आपके पेट में कहीं भी बन सकता है। अमेरिका में, पेट के कैंसर के अधिकांश मामलों में उस जगह पर असामान्य कोशिका वृद्धि होती है जहाँ आपका पेट आपके अन्नप्रणाली (गैस्ट्रोएसोफेगल जंक्शन) से मिलता है। अन्य देशों में, जहाँ गैस्ट्रिक कैंसर अधिक आम है, कैंसर आमतौर पर आपके पेट के मुख्य भाग में बनता है।
लगभग 95% मामलों में, पेट का कैंसर आपके पेट की परत में शुरु होता है और धीरे-धीरे बढ़ता है। इलाज न किए जाने पर, यह एक द्रव्यमान (ट्यूमर) बना सकता है और आपके पेट की दीवारों में गहराई तक बढ़ सकता है। ट्यूमर आपके लीवर और अग्न्याशय जैसे आस-पास के अंगों तक फैल सकता है।

**लक्षण और कारण**
**पेट के कैंसर के संकेत और लक्षण क्या हैं?**
पेट के कैंसर के लक्षणों में शामिल हैं:
पेट के कैंसर के शुरुआती चरणों में आमतौर पर कोई लक्षण नहीं दिखते। पेट के कैंसर के सबसे आम शुरुआती लक्षण - अक्सर बिना किसी कारण के वजन कम होना और पेट में दर्द - आमतौर पर तब तक दिखाई नहीं देते जब तक कि कैंसर बहुत गंभीर न हो जाए।

- भूख में कमी।
- निगलने में परेशानी।
  थकान या कमज़ोरी।
- समुद्री बीमारी और उल्टी।
- अस्पष्टीकृत वजन घटना।
- सीने में जलन और अपच।
- काला मल (पूप) या खून की उल्टी।
  खाने के बाद पेट फूलना या गैस बनना ।
- पेट में दर्द, अक्सर नाभि के ऊपर।
- थोड़ा भोजन या नाश्ता करने के बाद भी पेट भरा हुआ महसूस होना ।

## स्तन कैंसर

**स्तन कैंसर के कारण:**
रतन कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है, लेकिन 40 वर्ष की उम्र के बाद इसके होने की आशंका बढ़ जाती है।
उम्रदराज महिला की पहली डिलीवरी के कारण स्तन कैंसर की संभावना बढ़ जाती है।
गर्भ निरोधक गोली का सेवन काफी लंबे समय से बिना डॉ. के परामर्श से और हार्मोन की गढबडी इसका अन्य कारण माना जाता है।
आपके परिवार में पहले से किसी को कैंसर रहा हो तो वंशानुगत कारणों से इस बिमारी के होने का खतरा बढ़ जाता है।
मासिक समय से पहले होना, गर्भधारण में बिलंब, रजोनिवृति देरी से होना ।

**स्तन कैंसर के लक्षण:**
स्तन का निप्पल के आकार में समामान्य बदलाव ।
स्तन का दर्द न जाना मासिक चक खत्म होने के बाद भी।
स्वचा परिवर्तन विशेष रुप से निप्पल में गड्डा पड़ना, सूजन, लाली या खिचाव पड़ना।
निप्पल से सफेद या लाल रक्त का स्राव होना।
निप्पल का अन्दर की ओर घसना।

**स्तन कैंसर के बचने का सिर्फ एक ही उपाय है जागरूकता जैसे कि:**
स्तन की जांच महिलाएं हर महीने खुद करें कि उसमे कोई गांठ तो नहीं है। यदि किसी महिला को सन्दिग्ध गांठ या वृद्धि का पता चलता है तो तुरंत विशेषज्ञ से सलाह लें। 2 3. 40 साल की उम्र में हर साल मेमोग्राफी करवानी चाहिए।
ब्रेस्ट स्क्रीनिंग के लिए एम.आर.आई. और अल्ट्रासेनोग्राफी भी की जाती है।

## सर्वाइकल कैंसर

**सर्वाइकल कैंसर का शीघ्र पता लगाया जा सकता है :**
सर्वाइकल कैंसर के प्रभावी उपचार के लिए शीघ्र पता लगाना महत्वपूर्ण है , और नियमित जांच इस उद्देश्य के लिए सबसे अच्छा उपकरण है। सर्वाइकल कैंसर के लिए सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला स्क्रीनिंग टेस्ट पैप स्मीयर है, जो गर्भाशय ग्रीवा में कैंसरग्रस्त और कैंसरग्रस्त कोशिकाओं का पता लगाने के लिए अत्यधिक प्रभावी होता है, अक्सर ध्यान देने योग्य लक्षण दिखाई देने से पहले। इसलिए, 21 से 65 वर्ष की आयु के बीच की कई महिलाओं के लिए पैप स्मीयर की सिफारिश की जाती है और आमतौर पर चिकित्सक द्वारा निर्धारित नियमित अंतराल पर किया जाता है। इसके अतिरिक्त, क्योंकि अधिकांश गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर एचपीवी संक्रमण के कारण होते हैं, एचपीवी परीक्षण शीघ्र पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और नियमित पैप एस मायर्स के साथ कुछ महिलाओं के लिए इसकी सिफारिश की जा सकती है।

**सर्वाइकल कैंसर के लक्षण:**
- योनि से असामान्य रक्तस्राव, जो मासिक धर्म के बीच या रजोनिवृत्ति के बाद हो सकता है
- असामान्य योनि स्राव, जो गाढ़ा, गंधयुक्त और/या खून से सना हुआ हो सकता है
- मासिक धर्म जो सामान्य से अधिक भारी या लंबे समय तक चलने वाला होता है
- संभोग के दौरान योनि से रक्तस्राव या दर्द
- पैल्विक परीक्षण के दौरान योनि से रक्तस्राव
- पीठ के निचले हिस्से या श्रोणि क्षेत्र में दर्द
- पेशाब के दौरान दर्द होना
- मूत्र की तात्कालिकता या आवृत्ति
- पैर में सूजन

## कोलन कैंसर

**कोलन कैंसर के हो सकते हैं ये लक्षण:**
- कब्ज
- आंतों से खून बहना
- पेट में दर्द
- बार-बार गैस होना
- कमजोरी लगना
- हीमोग्लोबिन कम होना
- वजन कम होना
- भूख न लगना
- स्टूल में ब्लड
- पेट साफ न होना

**कोलोरेक्टल कैंसर, खासकर प्रारंभिक अवस्था में किसी विशेष लक्षण को प्रकट नहीं करता है। यदि आप लक्षणों का अनुभव करते हैं, तो इनमें शामिल हो सकते हैं -**
बार बार शौचालय जाना। मल में रक्त आना। यदि अचानक ही कुछ महीनों से आपको कब्ज हो गई हो। पेट में दर्द, पेट फूला हुआ महसूस होना। उल्टी, थकावट, अत्यधिक वजन घटना। आपके पेट में या पिछले हिस्से में एक गांठ महसूस करना। रेड मीट खाना, आहार, जिसमें बहुत ज़्यादा कैलोरी हो। बहुत ज़्यादा शराब पीना । जिन महिलाओं को स्तन कैंसर, अंडाशय कैंसर या गर्भाशय कैंसर रह चुका है। कोलोरेक्टल कैंसर का पारिवारिक इतिहास, अल्सरेटिव कोलाइटिस से ग्रस्त मरीज़, मोटापा, धूम्रपान इस अध्ययन में पाया गया कि कोलोरेक्टल कैंसर और उससे होने वाली मौत के जोखिम को बढ़ाने में धूम्रपान की विशेष भूमिका है। बृहदान्त्र (colon) या मलाशय में पॉलिप्स की उपस्थिति। क्रोहन रोग या इरिटेबल बाउल डिजीज के कारण कोलोरेक्टल कैंसर विकसित होने का जोखिम बढ़ जाता है।

## मुँह का कैंसर

**मुँह के कैंसर में परिवर्तित होने वाले लक्षण:**
- मुँह कम खुलना
- मुँह में जलन होना
- मसालेदार भोजन का मुँह में सहन न होना
- मुँह तथा जीभ में सफेदी/लाल चकत्ते / घाव होना
- जीभ का बाहर निकलने में कठिनाई
- मुँह खोलने में कसाव रहना
- चबाने/निगलने में कठिनाई होना
- अत्यधिक लार का बनना
- अगर उपरोक्त में से कोई भी लक्षण दिखाई दे तो तुरन्त
- मुख रोग विशेषज्ञ से सम्पर्क करें।

**मुख कैंसर में परिवर्तित होने वाले लक्षण एवं घावों की स्वयं जाँच:-**
पानी से कुल्ला करें और पर्याप्त रोशनी में दर्पण के सामने खड़े हो जाये तत्पश्चात् मुख के अन्दर कोई असामान्य सफेद/लाल चकत्ते/घाव या कठोर त्वचा तथा मुँह कम खुलना जाँचे यदि उपरोक्त में से कोई लक्षण दिखाई दे तो नजदीकी मुख रोग विशेषज्ञ से परामर्श लें।

**जो लोग तंबाकू चबाते हैं और स्मोकिंग करते हैं**, उन्हें ओरल कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। यह भारत के तीन बड़े कैंसर लिप्स, साइनस स्पेस और गले तक पहुंच किया जाता है। इस प्रक्रिया में जाता है।

Pi Cancer Care
Personalised & Innovative Cancer care
www.picancercare.com

## मुम्बई व हैदराबाद के प्रसिद्ध कैंसर स्पेशलिस्ट
के मार्गदर्शन में निर्धारित शेड्यूल से इलाज व डॉक्टर के द्वारा 24 घंटे शशक्त मोनिटरिंग



**डॉ. इप्सित इलाही दास**
MBBS, MS, MCH
(Surgical Oncology)
सर्जरी के क्षेत्र में 12 वर्षों का अनुभव एवं उन्होंने विभिन्न कैंसर के उपचार में अपना कौशल और ज्ञान विकसित किया है। इन्होंने एम्स से कैंसर सर्जरी का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

- **आयुष्मान भारत** के तहत फ्री ईलाज ।
- **हाइटेक ICU & CCU**
- **अनुभवी मेडिकल स्टॉफ**
- **आपातकालीन** हाइटेक ट्रामा सेंटर एक्सीडेन्टल केस के लिए
- **एम्बुलेन्स सेवाएं** 24 घंटे उपलब्ध।



**डॉ. भारत पटोडिया**
MBBS, FAGE, MD
Medical Oncologist
एस्मो सर्टिफाइड, सी.ए.एस., फेफड़े का कैंसर (स्विटजरलैण्ड), सी.सी.बी., स्तन कैंसर (जर्मनी), कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, पी.आई. ऑन्कोलॉजी, एलुमनि सेंटर एवं हिन्दुजा हॉस्पीटल मुंबई

## कैंसर का ईलाज हम हैं आपके साथ
निःशुल्क कैंसर आपरेशन, कीमोथैरेपी*

**अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें**
**07744-299988**

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
82699-24365 | 88279-24365

PROVIDING AFFORDABLE CANCER CARE SERVICES

विज्ञापन कटिंग लाने पर पैथोलॉजी टेस्ट में पाएं **50%** की छूट
T & C Apply*

## खबर संक्षेप



### मां कौशल्या धाम के द्वितीय तल का लोकार्पण 21 जुलाई को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध जामड़ी पाटेश्वर में बन रहे विश्व के अद्वितीय माँ कौशल्या धाम के दूसरे तल का लोकार्पण 21 जुलाई को हजारों राम भक्तों की उपस्थिति में होगा। 25 करोड़ की लागत से बनने वाले इस मां कौशल्या धाम के प्रचार प्रसार में 45 दिन की यात्रा में निकले संत श्री राम बालक दास ने गुरुवार को छुईखदान एवं साजा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के लोगों से संपर्क किया। इस अवसर पर लोगों ने इस तीर्थ के निर्माण के लिए राशि दान की। इस अवसर संत श्री राम बालक दास ने कहा कि 500 साल की प्रतीक्षा के बाद रामलला अयोध्या में विराजित हुए, परन्तु राम की माता छत्तीसगढ़ की बेटी माता कौशल्या 17 लाख वर्षों से इंतजार कर रही है, कि उनका भी कोई विशाल तीर्थ बने। वह 2026 को अब श्री जामड़ी पाटेश्वर में बनकर तैयार हो जाएगा। यहां माता कौशल्या गोद में रामलला को लेकर विराजमान होंगी।

### कलेक्टर ने की बाढ़ से बचाव की तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह जिले में बाढ़ से बचाव के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कुछ दिनों के भीतर मानसून आने की संभावना है। जिले की सभी तहसीलों और नगर निगम में बाढ़ के संभावित स्थानों को चिन्हित करें तथा सभी एसडीएम अपने राजस्व अमलों के साथ स्वयं तहसीलों का दौरा कर ग्रामीणों से चर्चा कर आपदा राहत की कार्ययोजना बनाएं।

### एक्सप्रेस वे तेलीबांधा में पौधारोपण

**रायपुर।** राजधानी के तेलीबांधा स्थित एक्सप्रेस वे पौधारोपण सहित सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए सीएसआर मद से हीरा ग्रुप से कार्य कराने निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये।

## निधन

### वेदप्रकाश साहू

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम कलंगपुर



निवासी छात्र वेदप्रकाश साहू का निधन हो गया। वे कोलकाता में समुद्र में नौका विहार करते समय नाव से नीचे गिर गए थे। वेदप्रकाश गुण्डरदेही क्षेत्र के पूर्व विधायक घनाराम साहू के पोते तथा एनएमडीसी बचेली में वरिष्ठ प्रबंधक पद पर कार्यरत राजेन्द्र साहू के पुत्र तथा हर्षा और डॉ आयुषी साहू के भाई थे।

**जायजा : अस्पताल परिसर स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर का भी किया निरीक्षण**

# जिला चिकित्सालय पहुंचे कलेक्टर व्यवस्थाओं का लिया जायजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला चिकित्सालय बालोद एवं अस्पताल परिसर में स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिला अस्पताल के ओपीडी कक्ष, पोषण पुनर्वास केन्द्र सहित विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने ओपीडी कक्ष में पहुंचकर मौके पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से अस्पताल में ईलाज के लिए प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को समय पर अपने कार्य में उपस्थित होने तथा निर्धारित समयावधि तक अपने कार्य का सम्पादन करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. आरके श्रीमाली को अस्पताल के सभी अधिकारी, कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने डॉक्टरों के ड्यूटी चार्ट को ओपीडी कक्ष में चस्पा भी करने के निर्देश दिए, जिससे कि मरीजों को संबंधित डॉक्टरों की उपस्थिति के संबंध में पता चल सके। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित तीनों ऑक्सीजन प्लांट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बंद पड़े तीनों ऑक्सीजन प्लांट को शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी दिए, जिससे मरीजों को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर के बगल में कोरोना काल के दौरान स्थापित किए गए, आइसोलेशन सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस आइसोलेशन सेंटर को कुपोषित बच्चों के लिए पोषण पूनर्वास केन्द्र बनाने के निर्देश भी दिए। जिसमें गंभीर कुपोषित बच्चों का समुचित उपचार किया जा सके। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके लिए जरूरी सुविधा मुहैया कराने के निर्देश भी दिए।

### मामलों का संवेदनशीलता के साथ करें निराकरण

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने अस्पताल परिसर में स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित सखी वन स्टॉप सेंटर के प्रशासक एवं कर्मचारियों से सेंटर में संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर चन्द्रवाल ने सखी वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों को महिलाओं से संबंधित मामलों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने तथा उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सखी वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से बाउण्ड्रीवॉल के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों को दिए।



# किसानों की समस्या का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीपस्थ ग्राम भेड़ी के किसानों के सेकड़ों एकड़ खेत बरसात में जलमग्न हो जाते हैं जिससे धान का फसल प्रभावित होती है। कई बार धान की बोनी दोबारा करनी पड़ती है, किसानों को आर्थिक नुकसान होता है। इस समस्या से किसान पन्द्रह सालों से जूझ रहे हैं। इस समस्या को किसानों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के पास रखा। इस पर श्री ठाकुर ने समस्या के समाधान के लिए सिचाई विभाग के इंजीनियर पीयूष देवांगन एवं सब इंजीनियर मुकेश शर्मा को अवगत करा कर निरीक्षण करवाया। इसके साथ ही किसानों की समस्या के निराकरण के लिए कार्य करने कहा। अधिकारियों ने तत्काल वैकल्पिक कार्य प्रारंभ करवाया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता ने अधिकारियों से कहा कि आने वाले समय में किसानों को सिंचाई के लिए कोई समस्या न हो, ऐसी कार्य योजना तैयार करें। इस दौरान मुख्य रूप से किसान टेकराम पटेल खेमन साहू मुन्ना साहू, प्रेमलाल पटेल, कीर्तन राव,मन्नू गावरे, गौतम भूआर्य, इंद्रपाल पटेल, राम सहारे झुमुकलाल सिन्हा सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### आम जनमानस के लिए लगाया वाटर कूलर मशीन

**रायपुर।** मां बमलेश्वरी सेवा समिति द्वारा जनहित पहल करते हुए दो अलग-अलग स्थान कनेरा कुम्हारी और शंकरनगर वृद्धाश्रम में वाटर कूलर लगाया गया। इन दोनों उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से समाजसेवी ईश्वरचंद्र अग्रवाल एवं ग्राम कनेरा के सरपंच बालाराम पाठक रहे। साथी स्कूल के हेड मास्टर का सहयोग भी प्राप्त हुआ। समिति के सदस्य ने बताया कि समिति द्वारा विगत कई समय से बमलेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में भंडारा एवं आदि सामाजिक कार्य किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में दो वाटर कूलर सभी के सहयोग से प्रदान किया गया।

**कांग्रेस की भ्रष्ट व्यवस्था से जेल में हैं शासन के दो पूर्व जीएसटी कमिश्नर : ठाकुर**

# ई वे बिल पर कांग्रेस को भाजपा को ज्ञान देने का अधिकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने ई वे बिल मामले में कहा, कांग्रेस ने कैसी भ्रष्ट व्यवस्था चलाई, सभी को पता है उनके दो पूर्व जीएसटी कमिश्नर, समीर विश्नोई और रानू साहू जेल में हैं। ऐसे में कांग्रेस को भाजपा को ज्ञान देने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा, राज्य के अधिकतर छोटे व्यापारी एक साथ 50 हजार का माल परिवहन करते ही नहीं। कांग्रेस के शासनकाल में चाहे वह आबकारी कर हो या जीएसटी, शासन और अधिकारियों की मिली भगत से कर चोरी के कीर्तिमान रचे गए हैं। राज्य के राजस्व में डाका डालने का काम कांग्रेस के शासन में हुआ है। ई वे बिल कर चोरी को रोकने का सबसे सीधा और प्रभावी टूल है। इससे न केवल कर चोरी को रोकने में मदद मिलती है, बल्कि आंकड़ों के विश्लेषण से कर संग्रहण के संबंध में भी महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती हैं। इससे बोगस बिल जारी करने, कच्चा बिल जारी करके कर अपवंचन करने की प्रवृत्तियों पर अंकुश लगेगा।

### कांग्रेस शासित राज्यों की अलग-अलग व्यवस्था

उन्होंने कहा, राजस्थान में भाजपा की सरकार ने मार्च 2018 में राज्य में ई वे बिल के प्रावधानों से पूरी छूट दे दी थी। 2021 में कांग्रेस सरकार ने संशोधित कर राज्य के भीतर 1 लाख से अधिक मूल्य के माल के लिए ई वे बिल के प्रावधान लागू किए हैं। पंजाब में भी कांग्रेस सरकार ने संवेदनशील वस्तुओं के राज्य के भीतर परिवहन पर ई वे बिल की सीमा 50 हजार रुपए रखी थी, शेष वस्तुओं के लिए यह सीमा 1 लाख रुपए है। एक जिले के भीतर परिवहन के लिए कोई विशेष छूट नहीं थी। ऐसे में कांग्रेस जो खुद के शासित राज्यों में ऐसा कर चुकी है, वो यहां इसका विरोध किस मुंह से कर रही है।

### ई-वे बिल की अनिवार्यता सरकार का तानाशाही कदम

*रायपुर। पूर्व मंत्री एवं विधायक उमेश पटेल ने ई-वे बिल की छूट को समाप्त करने को भाजपा सरकार की तानाशाही बताया है। उन्होंने कहा, ई वे बिल को अनिवार्य किए जाने से इंस्पेक्टर राज चालू हो जायेगा। सर्कुलर में स्पष्ट है कि कनसाइनमेंट को जांच करने का अधिकार हो जायेगा। पहले बार्डर पर जांच होती थी। अब कनसाइनमेंट में जांच शुरू हो जायेगी, तो इंस्पेक्टर राज वापस होगा और सभी व्यापारी इससे प्रताड़ति होंगे। जो ये सर्कुलर है, लंबे समय में छत्तीसगढ़ व्यापार को बहुत नुकसान करेगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की इकोनामी भी कहीं न कहीं डाउन होगी। सरकार व्यापारियों से बात करे और व्यापारियों की जो समस्या है, उसे हल करे और सार्थक चर्चा के बाद जारी करे। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार जब से बनी है, सरकार आम आदमी के साथ व्यापार और उद्योग के खिलाफ निर्णय ले रही है। सरकार से मांग करता हूं कि सर्कुलर को जल्द से जल्द वापस ले। यह आदेश छत्तीसगढ़ के लिये बहुत नुकसान दायक है। कांग्रेस इसका हर स्तर पर विरोध करेगी।*

## जूस सेंटरों में मधुमक्खियों का आतंक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक ओर जहां भीषण गर्मी से हलाकान लोग राहत पाने गन्ना जूस सहित अन्य फलों के जूस सेंटर में जाकर जूस पी रहे रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर गन्ना जूस दुकानों में मधुमखियों ने भी अपना डेरा बना लिया है। कुछ जुस सेंटर में इसको लेकर सावधानी बरती जा रही है, लेकिन बहुसंख्यक सेंटर में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।

कुल मिलाकर लोगों को तपती धूप और गर्मी के साथ ही खतरनाक मधुमखियों के खतरे के बीच जूस पीकर शरीर की गर्मी दूर करनी पड़ रही है। कई बार तो व्यक्ति गन्ना जूस पीने गिलास को हाथ में पकड़ते हैं तो उसके साथ और यहां तक कि मुंह तक भी मधुमक्खी बैठ जाती है।

हालांकि गन्ना दुकान संचालकों द्वारा मधुमखियों को भगाने कई तरह के उपाय किए जा रहे हैं, लेकिन मधुमक्खी गन्ने के मीठेपन का पीछा नहीं छोड़ रही हैं। यही वजह है कि मधुमखियों का झुंड जगह-जगह गन्ना रस की दुकान में देखा जा सकता है। कई दुकान संचालक गन्ना जूस निकालने के दौरान अपने आप को सुरक्षित और मधुमखियों को मशीन से दूर रखने मच्छरदानी का इस्तेमाल कर रहे हैं। गन्ना जूस पीने के दौरान स्थिति यह भी हो रही है कि मधुमख्खी जूस से भरे गिलास में बैठकर जूस में ही गिर रहे हैं, ऐसे में नुकसान भी हो रहा है।

### गन्ना रस पीने लोगों की भीड़, गन्ने की होने लगी कमी

जिला मुख्यालय में जगह जगह गन्ना जूस की दुकानें लगी हुई हैं, जहां सुबह से शाम तक जूस पीने वालों की भीड़ रहती है। दुकान संचालकों ने बताया कि गन्ना जूस की मांग इतनी बढ़ गई है, कि गन्ने की कमी हो रही है और तो और कई ग्राहक गन्ना जूस नहीं मिलने से एक दुकान से दूसरे दुकान के चक्कर भी लगा रहे हैं। लोग केमिकल युक्त कोल्डड्रिंक की अपेक्षा ताजा और देशी स्टाइल में मिलने वाले जूस को ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

## जून तक पूरा होगा 3 मंजिला शास्त्री बाजार परिसर, सोलर लाइट से जगमगाएगा

**रायपुर।** राजधानी में 3 मंजिला शास्त्री शास्त्री बाजार परिसर का निर्माण जून तक पूरा होगा। इस पूरे परिसर को सोलर लाइट से जगमग रोशनी करने की व्यवस्था रहेगी। ग्राउंड फ्लोर सहित प्रत्येक फ्लोर पर 21 दुकानें बनकर तैयार हैं। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बुधवार को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के साथ निर्माणाधीन शास्त्री बाजार परिसर का निरीक्षण किया। दरसअल, रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर में 9 करोड़ की लागत से 3 मंजिला शास्त्री बाजार परिसर का निर्माण किया जा रहा है। परिसर में कुल 84 दुकानें होंगी। इसके साथ ही बेसमेंट पार्किंग में 70 बाइक और 30 कार रखने की व्यवस्था रहेगी।

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी।
समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

### मांग के विरुद्ध बीज-खाद का अब तक 53 प्रतिशत भंडारण वितरण 29 व 35 प्रतिशत

**रायपुर।** खरीफ फसलों के लिए जिले के किसानों को बीज और खाद उपलब्ध कराने के लिए भंडारण और वितरण का काम चल रहा है। जिले के 126 सेवा सहकारी समिति में अब तक बीज का 21592.50 क्विंटल भंडारण कर 6340 क्विंटल वितरण किया गया है, जो कि मांग के विरुद्ध 53 प्रतिशत भंडारण एवं 29 प्रतिशत वितरण हुआ है। इसी प्रकार रासायनिक उर्वरक 21415 मीट्रिक टन का भंडारण कर 7563 मेट्रिक टन का वितरण किया गया है, जो लक्ष्य के विरुद्ध भंडारण 53 व वितरण 35 प्रतिशत है। कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने बुधवार को कृषि से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में कृषि विभाग के अलावा जिला सहकारी बैंक, जिला विपणन अधिकारी, उप पंजीयक सेवा सहकारी समिति के अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि समितियों में खाद-बीज का अग्रिम उठाव के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने सहकारी समिति में मांग व लक्ष्य के विरुद्ध तत्काल भंडारण करने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक एवं बीज प्रक्रिया प्रभारी को निर्देश दिए।

शोक संदेश



स्व. वेदप्रकाश (हैप्पी) साहू
विधि के विधान के आगे नतमस्तक होकर अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे सुपुत्र वेदप्रकाश साहू (हैप्पी साहू) का आकस्मिक निधन दिनांक 25.05.2024 दिन शनिवार को हो गया है जिनका अंतिम एवं संपूर्ण कार्यक्रम इस प्रकार है।
कार्यक्रम विवरण
पंचनाहवन एवं चौका आरती - दिनांक 31.05.2024, दिन शुक्रवार, स्थल - ग्राम कलंगपुर (गुण्डरदेही)
तालाब कार्यक्रम : 12 बजे एवं चौका आरती दोपहर में सम्पन्न होगी।
अत: आप सपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिवार को सांध्वना प्रदान करें।
शोकाकुल परिवार :
ज्ञानेश्वर साहू-लता साहू, सतीश साहू-अंजू साहू
विक्रांत साहू-वीणा साहू, एकांत साहू, श्रीमती भारती-ठाकुर राम,
श्रीमती यामनी-लोमन दास, श्रीमती फनीशा-साश्वीगोपाल,
कु. हर्षा, कु. आयुषी, बेनुराम, रामनारायण, शिव कुमार, कमलेश्वर,
विरेन्द्र, रमेश, जितेन्द्र, कीर्तिभोज एवं समस्त कुंवरदादरा परिवार
स्थान - ग्राम कलंगपुर (गुण्डरदेही, जिला बालोद)
विनीत :
राजेन्द्र कुमार,
श्रीमती अनुपमा साहू (पिता-माँ)
श्रीमती चन्द्रकुमारी साहू,
श्रीमती कौशिल्या देवी साहू (दादी)
नोट : जिस किसी भी को शोक पत्र प्राप्त नहीं हुआ हो कृपया वे इसे ही शोक पत्र (आमंत्रण) माने।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार दो लोग घायल

**बालोद।** लापरवाह ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार दो लोगों को ठोकर मार दी। उसके बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर कुछ अन्य राहगीरों को अपनी चपेट में लेने लगा, लेकिन गनीमत रही कि राहगीरों ने सूझबूझ के साथ अपने आप को बचा लिया। घटना गुरुवार की रात करीब 8 बजे बालोद-लोहारा मुख्य मार्ग पर ग्राम जुंगेरा के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जुंगेरा निवासी रोमन महानदिया 36 वर्ष गांव की ही एक महिला प्रकाशा बाई यादव 50 वर्ष को बैठाकर बालोद से जुंगेरा जा रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सामने से बाइक सवार दोनों को अपने चपेट में ले लिया। घटना में बाइक सवार को चोटें आई हैं, वहीं पीछे बैठी महिला प्रकाशा बाई को गम्भीर चोट आई है। दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है।

### मतगणना कार्य के संबंध में मॉकड्रिल 3 जून को

**बालोद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना कार्य के संबंध में मॉकड्रिल का आयोजन 3 जून को सुबह 8 बजे मतगणना स्थल लाइवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि इस दौरान सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, गणना सहायक, मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक, माइक्रोआर्ब्जवर, आई–टी सेक्शन, ईव्हीएम परिवहन, सीलिंग कार्य, आई–टी सेक्शन एवं फोटोकॉपी कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को मतगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु मॉकड्रील कराया जाएगा। मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को मॉकड्रील की नियत तिथि 03 जून को सुबह 08 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मतगणना स्थल में प्रवेश के लिए पास के लिए पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होने को कहा है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना कार्य 04 जून को सुबह 08 बजे से मतगणना स्थल लाइलीवुड कॉलेज पाकुरभाट में प्रारंभ किया जाएगा।

### शेयर मार्केट के नाम पर 1 करोड़ की ठगी

**भिलाई।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म ददर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सूर्य विहार कालोनी निवासी प्रलय शांति बसु से अज्ञात ने शेर मार्केट में रुपए निवेश कर 500 प्रतिशत मुनाफा का झांसा देकर 1 करोड़ 26 लाख 22 हजार रुपए का ठगी किया है। मुनाफा की राशि आरोपियों ने पीड़ित को समय बीतने के बाद भी नहीं दिया। परेशान होकर पीड़ित ने शिकायत पुलिस को किया है। सीएसपी ने बताया कि आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### पुलिस का मुखबिर बताकर नाबालिग की पिटाई

**भिलाई।** नाबालिग को बंधक बनाकर मारपीट करने का वीडियों वायरल होने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक बिजली नगर भिलाई तीन कालोनी में स्थित डेमेज क्वाटर नशेडियों का अड्डा बन गया है। हाल में कुछ बदमाश किस्म के युवकों ने नाबालिग को बंधक बनाकर उसके साथ जमकर मारपीट किया है। वीडियों में बदमाशों द्वारा नाबालिग को पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाकर पिट रहे थे। उक्त खाली पड़े डेमेज क्वाटरों में अपराधी किस्म के युवकों का आना जाना लगा रहता है। ये अपराधी नशेडी किस्म के है। क्वाटर को कब्जा कर बदमाश युवकों द्वारा कब्जा कर रहने लगे है।

## मौसम : तेज धूप और गर्मी के कारण घर से निकल नहीं पा रहे लोग, सड़कें सुनसान

# खूब तपा रहा नौतपा, बाहर बरस रही आग घरों में भीषण गर्मी व उमस ने बढ़ाई बेचैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नौतपा के पांचवे दिन दल्लीराजहरा शहर की सड़कें सुनसान रहीं। लोग घरों के अंदर ही थे। नौतपा के पांचवें दिन का तापमान अधिक होने के कारण लू लगने की डर से दल्लीराजहरा शहर के मुख्य मार्ग पर आवागमन नहीं के बराबर था। वहीं, इस बीच विद्युत विभाग की आंख मिचौनी का भी लोगों को सामना करना पड़ा। दल्लीराजहरा न्यू बस स्टैंड आशीष प्रोविजन स्टोर के समक्ष निर्माण कार्य चल रहा था, जिसमें लिफ्टर से केबल टकरा जाने के कारण कुछ समय के लिए विद्युत अवरूद्ध हो गया था। दल्लीराजहरा में नौतपा के पांचवे दिन पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कूलर एससी में भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। गर्मी के कारण लोग पेय पदार्थों का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। दल्लीराजहरा में रोजना पारा बढ़ता जा रहा है।

1


2


3


### सावधान रहें और लोगों को भी सूचित करें

आने वाले दिनों में तापमान और ज्यादा बढ़ने की चेतावनी दी गई है। इसे देखते हुए सावधानी बरतना आवश्यक है। इसके अनुसार कारों में से गैस सामग्री, लाइटर, कार्बोनेटेड पेय पदार्थ, सामान्यतः इत्र और उपकरण बैटरियाँ, कार की खिड़कियाँ थोड़ी खुली होनी चाहिए, कार के फ्यूल टैंक को पूरा न भरें, शाम के समय कार में ईंधन भरें, कार के टायरों को ज़्यादा न भरें, ख़ासकर यात्रा के दौरान। इसी तरह बिच्छुओं और सांपों से सावधान रहें, क्योंकि वे अपने बिलों से बाहर निकलेंगे और ठंडी जगहों की तलाश में पार्क और घरों में प्रवेश कर सकते हैं। इसके साथ ही खूब पानी पीयें और दही, मट्ठा, बेल का जूस आदि ठंडे पेय पदार्थ का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करें। सूरज की रोशनी के सीधे संपर्क में आने से बचें, खासकर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच।

## 2 जून तक हाई अलर्ट, बहुत जरूरी हो तभी अपने घरों से बाहर निकलें

नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर सहित राजस्व प्रशासन के अलावा दल्लीराजहरा सुरक्षा समिति ने आम जनों से अपील की है कि 30 मई से 2 जून तक अगर बहुत अति आवश्यक कार्य न हो तो घर से बाहर न निकलें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घरों में ही रहें, 30 मई से 2 जून तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोई भी व्यक्ति बाहर (खुले आसमान के नीचे) नहीं निकले। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से जिससे अगर किसी भी व्यक्ति को घुटन महसूस हो या अचानक तबियत खराब हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं, रूम के अंदर दरवाजा खोल कर रखें, मोबाइल का प्रयोग कम करें, मोबाइल फटने की आशंका जताई जा रही है।



■ मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी, सतर्कता बरतने की अपील की



## पुलिस के हत्थे चढ़े नशे के दो सौदागर डेढ़ लाख की नशीली दवाइयां जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद







बीते 6 मई को नशीली दवा की खरीदी-बिक्री को लेकर इस कारोबार में जुड़े युवकों के बीच मारपीट की घटना सामने आई थी। जिसके बाद हरिभूमि ने इस घटना को लेकर 7 मई को खबर प्रकाशन कर शहर में नशीली दवाओं का कारोबार लगातार बढ़ते क्रम पर होने का मामला उजागर किया था।

■ हरिभूमि ने किया था नशे के बढ़ते कारोबार का खुलासा

उसके करीब 21 दिनों बाद कोतवाली पुलिस ने भारी मात्रा में नशीली दवाओं का जखीरा बरामद किया है। वहीं, नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले शहर के दो युवकों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस ने करीब डेढ़ लाख रुपए की नशीली गोलियां बरामद की है। पुलिस के अनुसार 29 मई की रात 8 बजे ग्राम पड़कीभाठ बायपास रोड तांदुला नदी पुल के पास कोतवाली पुलिस की टीम ने वार्ड क्र.19 बुढापारा बालोद निवासी विश्वपति गोराई पिता जीरूमल गोराई 30 वर्ष और वार्ड क्र.10 कुर्मीपारा बालोद निवासी धर्मेन्द्र यादव पिता होरी लाल यादव 35 वर्ष को अल्फराजोलम टेबलेट 12 पैकेट जिसमें कुल 5400 नग दवा जिसकी कीमत 11520 रूपये, अल्फराजोलम टेबलेट 07 पैकेट में कुल 4200 नग दवाई जिसकी कीमत 15330 रूपये, 21 पैकेट में जिसमें कुल 3024 नग दवाई जिसकी कीमत 27594 रुपये तथा ट्रामाडोल कैप्सूल 72 पैकेट में जिसमें कुल 13824 नग दवाई जिसकी कीमत 89,856 रूपये जप्त की है। इस दौरान दवा सप्लाई करने मे उपयोग मे आने वाली एक पुरानी मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है।



तीन युवकों ने घर घुसकर मांगी नशे की गोली, मना करने पर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शहर के कुंदरु पारा स्थित अटल आवास में रहने वाले एक युवक के घर घुसकर तीन युवकों ने मारपीट कर दी। वहीं नहीं, युवकों ने नुकीले हथियार से युवक के शरीर में तीन जगह वार भी कर दिया।

■ शहर के कुंदरु पारा स्थित अटल आवास की घटना

घटना के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। वहीं, कोतवाली थाना में मारपीट करने वाले तीन युवकों के खिलाफ

गाली गलौज करते हुए, नशा की गोली दे नहीं तो मार डालेंगे कहते हुए धमकी देते हुए मारपीट की और घर का जबरन तलाशी लेने लगे। इस दौरान अनूप ने मना किया और कहा कि वह चना-फल्ली बेचने का काम करता है, नशे की गोली नहीं बेचता। जिसके बाद प्रियांशु ढीमर ने अपने पास रखे नाखून काटने के नुकीले औजार से अनूप के पेट एवं

### विश्वपति गोराई 2019 में इसी मामले में जा चुका है जेल

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए दोनों आरोपी में से एक विश्वपति गोराई इससे पहले भी साल 2019 में नशीली दवाओं का कारोबार करने के आरोप में जेल जा चुका है।

## राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की टीम ने जीता कबड्डी व फुटबाल का खिलाब

**अंडा।** संयुक्त भारत खेल फेडरेशन इंडिया इंदू श्री आर्गेजनाईशन के तत्वावधान में 24 से 26 मई तक विभिन्न खेलों का आयोजन जम्मू युनिवर्सिटी जम्मू-कश्मीर में किया गया। प्रतियोगिता में देश के 23 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने कबड्डी और फुटबॉल में जम्मू-कश्मीर को हरा कर गोल्ड मेडल जीता। विजेता टीम में बृजेश पटेल कवर्धा, संदीप कवर्धा, योगेश यादव दुर्ग, लक्की सिन्हा मोहरेगा धमधा, टेमन यादव भोथली, राकेश पटेल धमतरी, विकास श्रीवास कंहारपुरी राजनांदगांव मनीराम कवर्धा, टुपेश दुर्ग, वेदप्रकाश दुर्ग अभय यादव दुर्ग, चंद्रभान साहू मासाभाठ, डिलेश यादव तुमडीबोरड़, राजनांदगांव, बिरेंद्र कुमार निर्मलकर सरेखा बालोद शामिल थे। वहीं कोच के रूप में लाल कृष्ण देशमुख एवं भारत यादव ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। भरत लाल देशमुख स्मृति कीड़ा संस्था दुर्ग के अध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ ही लक्ष्य मैदान अंडा जिला दुर्ग के खिलाड़ियों ने विजेता खिलाड़यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

■ फाइनल में जम्मू कश्मीर की टीम को हराकर लहराया परचम



## पिता पर जानलेवा हमला, पुत्र गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

अर्जुंदा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बासीन में एक पुत्र ने नशे की हालत में अपने पिता लीलेश पटेल को जान से मारने का प्रयास किया, जिसमें उनको गंभीर चोट आई है।

मामला थाना अर्जुंदा क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार लीलेश पटेल पिता स्वर्गीय आजूराम पटेल उम्र 52 जाति पटेल निवासी ग्राम बासीन अपने पुत्र आशीष कुमार उम्र 30 व पत्नी अश्वनी बाई से अलग दूसरे मकान में रहते हैं। घटना के दिन तकरीबन 8 बजे शाम को जब लीलेश पटेल अपने घर में अकेला सोया हुआ था। तभी उसका पुत्र आशीष कुमार शराब के नशे में धुत होकर उनके घर में आया और उनको गाली गलौज करने लगे। लीलेश पटेल घर के अंदर से संकल लगाकर सोया हुआ था। जब उनके द्वारा दरवाजा नहीं खोला, तब उनके पुत्र आशीष कुमार ने दरवाजे को लात से मारा, जिससे वह खुल गया। उसके बाद आशीष कुमार ने अपने पिता लीलेश पटेल को इतनी बेरहमी से पटक-पटक कर मारा, जिससे उनके सिर फट गया। लीलेश पटेल की स्थिति को देखकर उन्हें मरा समझकर उसका बेटा छोड़कर वहां से भाग गया। लीलेश पटेल घर में तकरीबन दो ढाई घंटा तक बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। इसकी जानकारी होने पर गांव के कोटवार एवं अन्य लोग उन्हें उठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुंदा लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज किया गया। इस मामले में पुलिस थाना अर्जुंदा द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए आईपीसी की धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया।

■ अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम बासीन का मामला

## नगर के किरी परिवार ने वाटर कूलर किया दान

# एसडीएम कार्यालय में आने वालों को मिलेगा शुद्ध व ठंडा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अनुविभागीय कार्यालय में आने वाले ग्रामीणों को अब ठंडा जल पीने को मिलेगा। यह सुविधा नगर की प्रतिष्ठित किरी परिवार के सहयोग से उपलब्ध हुई है। किरी परिवार ने यहां वाटर कूलर प्रदान किया है, जिसका एसडीएम पूजा बंसल ने लोकार्पण किया।

■ एसडीएम ने किया वाटर कूलर का लोकार्पण

अनुविभागी कार्यालय परिसर में ही तहसील कार्यालय एवं उपपंजीयक कार्यालय भी संचालित है। जिससे यहां प्रतिदिन सैकड़ो ग्रामीण विभिन्न कार्यों से पहुंचते हैं। वर्तमान में यहां पेयजल की व्यवस्था तो है लेकिन टंकी के नल के माध्यम से पानी आता है, गमएँ के दिनों में इसमें टंकी का गर्म पानी आता था। ग्रामीण एवं इन कार्यालय में कार्य कर रहे कर्मचारियों की परेशानी को देखते हुए किरी परिवार ने जय किरी की स्मृति में वाटर कूलर प्रदान किया। गौरतलब है कि किरी परिवार के सहयोग से ही तहसील कार्यालय परिसर में इसके पूर्व ट्यूबवेल का भी खनन कराया गया था, उस ट्यूबवेल के माध्यम तात्कालिक तहसील प्रशासन ने तहसील कार्यालय परिसर के बंजर मुरूम युक्त कठोर भूमि में पौधारोपण कराने के बाद उसके संरक्षण का कार्य भी किया था। आज वे पौधे वृक्ष का रूप लेकर फल फूल के साथ तहसील कार्यालय आने वाले ग्रामीणों व उनके वाहनों को छाया प्रदान कर रहे हैं। वाटर कूलर का लोकार्पण एसडीएम पूजा बंसल ने किया, इस दौरान किरी परिवार के वरिष्ठ सदस्य धनंजय किरी, जयंत किरी के साथ तहसीलदार हनुमंत श्याम, राकेश दीवान, अधिवक्ता जय भारतपुरी गोस्वामी, चंद्रहास सिन्हा व ग्रामीण उपस्थित थे।




### पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहा परिवार

यहां यह बताया जाना प्रासंगिक होगा कि किरी परिवार के युवा समाजसेवी जयंत किरी बीते 15 सालों से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं। वे इस दौरान स्वयं सैकड़ों पौधे लगाकर उन्हें वृक्ष का रूप दे चुके हैं, वहीं उनके द्वारा निःशुल्क पौधों का वितरण किया जा रहा है। उनके सहयोग से क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण पौधारोपण कर उसे संरक्षित किया है, जिससे वे आज वृक्ष का रूप लेकर छांव व फल प्रदान कर रहे हैं।

## क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर 58 लाख की ठगी

**भिलाई।** क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मकान नंबर डी 34 अस्पताल सेक्टर निवासी लिपी चक्रवर्ती सीएम शासकीय मेडिकल कालेज कचांदुर में नेत्र रोग विभाग की विभाग अध्यक्ष है। उनके मोबाइल पर अज्ञात ने टेलीग्राम एप पर क्रिप्टो ट्रेडिंग का झांसा देकर 58 लाख 43 हजार 900 रुपये की आन लाईन ठगी किया। जिसकी शिकायत सायबर पुलिस पोर्टल मे आन लाईन शिकायत दर्ज कराया गया है। ट्रेडिंग करने के नाम पर ठगी का कारोबार इस्पात नगरी के लोगों के साथ लगातार हो रही है।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

खबर संक्षेप



## किल्लेकोड़ा में समर कैंप का हुआ समापन

**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा के सभागार में बुधवार को समर कैंप का समापन अजय मुखर्जी प्राचार्य के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इसके पूर्व में संजय भुआर्य अभियंता खनन विभाग, लोकेंद्र कुलियारा कृषि विकास अधिकारी एवं दिलेश्वर कुमार ठाकुर शिक्षक) ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को कैरियर गाइडेंस, खेलकूद, योग शिक्षा की जानकारी विस्तारपूर्वक दिया। उसके बाद व्याख्याता जेपी बांधव ने छात्र-छात्राओं को गणितीय कौशल के संबंध में बताया। वहीं, हेमेन्द्र साहू ने बताया कि जीवन में खेलों के साथ-साथ योग शिक्षा का होना क्यों आवश्यक है? कार्यक्रम का सफल संचालन और संपादन डॉ बी.एल.साहसी ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि व्यक्तित्व निर्माण के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, योग संगीत आदि का होना आवश्यक है। प्राचार्य अजय मुखर्जी ने कहा कि हमारे विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को चिलचिलाती गर्मी में भी उन्होंने समय निकालकर छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से संबंधित जानकारी दी, इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

## माहेश्वरी समाज के युवक-युवतियों के लिए जीवन साथी चयन कार्यक्रम कल

**बालोद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में एवं माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के आतिथ्य में विवाह योग्य युवक, युवतियों के लिए दुर्ग में आयोजित जीवन साथी चयन कार्यक्रम का शनिवार को होटल पृथ्वी पैलेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काबरा शुभारंभ करेंगे। प्रदेश माहेश्वरी सभा के प्रचार प्रसार प्रभारी विष्णु सारडा ने बताया कि राष्ट्रीय पदाधिकारियों में विजय राठी, ज्योति राठी एवं नारायण राठी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुंधड़ा, कार्यक्रम संयोजक कमल बियानी, सहसंयोजक ओमप्रकाश टावरी ने संयुक्त रूप से बताया कि उक्त आयोजन में पंजीयन हो चुके हैं। वहीं, कार्यक्रम के लिए पंजीकृत एक प्रत्याशी का संबंध भी हो गया। मोटिवेशनल वक्ता एवं काउंसलर परीक्षित जोबनपुत्र (अहमदाबाद) अच्छे जीवनसाथी के चुनाव पर अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। नागपुर से आयी कविता लोया कैरियर एवं पारिवारिक संतुलन पर व्याख्यान देंगी। युवक युवतियों के साथ उनके अभिभावक को आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन सत्र के बाद एक पुस्तक का विमोचन होगा, जिसमें युवक-युवतियों एवं उनके परिवार की पूरी जानकारी होगी। परिचय सम्मेलन में प्रतिभागियों के लिए विविध गेम्स भी होंगे। युवक, युवतियों एवं उनके अभिभावकों के आवास व भोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था आयोजनकर्ता द्वारा की गई है। समापन रविवार शाम को होगा।

## युवक ने की आत्महत्या

**भिलाई।** युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि शांतिनगर निवासी दीपक ठाकुर 32वर्ष ने मंगलवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

### आयोजन : जिले के विभिन्न स्कूलों में समर कैंप के दौरान कराई गई विविध गतिविधियां

# बच्चों को पेंटिंग, मेहंदी के साथ सिलाई-कढ़ाई डांस और योगा का भी दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटगाँव में पाँच दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। समर कैंप के दौरान प्रत्येक दिन बच्चों को अलग-अलग गतिविधियां कराई गईं। शिक्षिका यमुना देशमुख ने मेंहदी कला, सिलाई, कढ़ाई, योगा, खेल, आर्ट एवं क्राफ्ट और डांस जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की सृजन क्षमता को बढ़ाने का प्रयास किया। साथ ही साथ अलग अलग दिवसों में नशा एवं गुटखा से शरीर एवं मानव जीवन पर होने वाले दुष्प्रभाव, बच्चों में बढ़ते मोबाइल की लत, अपने भविष्य को साकार करने के लिए कैरियर गाइडेंस, यातायात के नियमों का पालन, पाक्सो एक्ट एवं अपने अधिकार और कर्तव्य जैसे विषयों पर बच्चों में चेतना जगाने का प्रयास किया गया।

इस दौरान जेडी शुक्ला ने समर कैंप का औचक निरीक्षण भी किया गया और शिक्षिका यमुना देशमुख द्वारा कराए जा रहे, क्रियाकलापों को बहुत ही सुंदर और ज्ञानवर्धक बताया गया। समर कैम्प के आयोजन में विभिन्न प्रकार के सीखने सिखाने की गतिविधि से बच्चों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला। सभी शिक्षकों ने इस समर कैम्प के आयोजन से हुए बच्चों में फायदे को बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य रमेश कुमार वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।



## खुट्टेरी ख स्कूल में गायन, वादन व नृत्य का दिया गया प्रशिक्षण

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुट्टेरी ख में 24 मई से 29 मई तक पाँच दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इन पाँच दिनों में विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण, चित्रकला, हस्तकला, रंगोली, यातायात के नियमों की जानकारी, ग्रामीण परिवेश, संस्कृति, रहन सहन का परिचय, नृत्य, गायन वादन, कचरा प्रबंधन, खेलकूद आयोजन, कैरियर गाइडेंस की जानकारी दी गई। सभी कार्यक्रमों को संस्था प्रमुख श्वेता पांडेय एवं सफल बनाने में समस्त स्टॉफ का भरपूर योगदान रहा। इस बीच सहायक संचालक दुर्ग, वीशुक्ला एवं श्रीवास्तव का आगमन शाला प्रांगण में हुआ। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक एमएस साहू का विशेष योगदान रहा। जेआर साहू, होनुषा साव, विनीता मिश्रा, ज्योति महनदिया, पुष्पलता साहू, शिल्पी, रोशनी नेताम, आर. वैध, एचएल ठाकुर, उमेश कुमार देशमुख, दिल कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

## मड़ियाकट्टा स्कूल में लगा समर कैंप

**डौण्डीलोहारा।** आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में बच्चों को राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को समर कैम्प के उद्देश्य पर ग्रीष्म अवकाश में बच्चों मानसिक विकास एवं बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए किया गया है, ताकि बच्चों को ग्रीष्म अवकाश पर पढ़ाई के साथ-साथ कला व अन्य रचनात्मक गतिविधियां सीख सकें, जो कि आगे जीवन में काम आए। प्रधानपाठक दयालूराम पिकेश्वर ने समर कैम्प में रचनात्मक गतिविधियों के साथ साथ चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी लेखन, चित्रकला, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद आदि गतिविधियां सिखाई गई। साथ साथ बच्चों को बाल अधिकार संरक्षण के साथ यातायात सड़क सुरक्षा के बारे जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक नारदराम भुआर्य, सुनील कुमार अलेन्द्र का सहयोग रहा।









## बेलौदी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विविध कलाओं का लिया प्रशिक्षण

**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में 20 से 30 मई तक समर कैंप का अयोजन किया गया। व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि इसके अंतर्गत शाला के छात्र छात्राओं ने सहयोगी शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों को रंगोली, पोस्टर पेंटिग, खेलकूद, नृत्य, गायन तथा वादन की बारीकियां सिखाई गईं। इसके साथ ही उन्हें योगा, गणित, विज्ञान के अलावा करियर मार्गदर्शन जैव विविधता, पर्यवरण संरक्षण तथा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। शाला के प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू ने बच्चों को समर कैंप की गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।



## समर कैंप में कुथरेल संकुल के बच्चों ने सीखी विविध कलाएं

**अंडा।** शासकीय हाई स्कूल कुथरेल में संकुल स्तरीय समर कैंप 15 मई से किया गया। इसके तहत संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने पापड़ सेवई बनाने से लेकर इंग्लिश स्पोकन, वैदिक गणित, रंगोली मेहंदी, चित्रकला, भजन गीत गायन, भाषण कहानी लेखन के तरीके सीखे। इसके साथ ही उन्हें यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। वहीं, माहवारी स्वच्छता दिवस पर स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा योगा, विज्ञान आधारित जादू, खराब एलईडी बल्ब को सुधारना, उनसे पोशाक बनाना, रेशम धागे से ज्वेलरी, पेपर क्राफ्ट एवं रस्सियों से विभिन्न गांठ बनाना सीखाया गया। समर कैंप में प्राचार्य इंदु मलिक, विवेकानंद दिल्लीवार संकुल समन्वयक, रोहित कुमार चंद्राकर प्रधान पाठक, राधेलाल चंद्राकर प्रधान पाठक, राकेश बैस प्रधान पाठक जनक यादव प्रधान पाठक, ललिता देशमुख में प्रधान पाठक, प्रेमलाल साहू प्रधान पाठक विद्या निषाद प्रधान पाठक गौर सिंह नेताम प्रधान पाठक के साथ संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने विभिन्न विधाओं में अपनी सहभागिता प्रदान की।

# कलेक्टर ने पड़कीभाट में तालाब गहरीकरण कार्य का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पड़कीभाट में पहुँचकर तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से तालाब के किनारे कम पानी में पनपने वाले तथा मिट्टी के कटाव रोकने वाले पौधों का रोपण करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने अधिकारियों को तालाब को सुंदर पार्क के रूप में विकसित करने को कहा। चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम झलमला के घोटिया चौक में स्थित बीज विकास निगम के कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीज विकास निगम में 24 हजार क्विंटल धान के भण्डारण के लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए तथा भण्डारण के लिए शेष रह गए समितियों के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने अधिकारियों से बीज विकास निगम में उपलब्ध धान के किस्म के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बीज विकास निगम में स्वर्णा, महामाया, एमटीयू आदि धान के किस्म उपलब्ध होने की जानकारी ली। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बीज विकास निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाए शासन : संगीता

**गुरूर।** विधायक संगीता सिन्हा ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव को पत्र लिखकर संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत स्वीकृत एवं अप्रारंभ 9 कार्यों पर से रोक हटाने की मांग की है। श्रीमती सिन्हा ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र में 2288.46 लाख के 9 कार्य स्वीकृत हुए थे। कार्य स्वीकृत होने के बाद प्रक्रिया चल रही थी, जिसमे बहुसंख्यक कार्य निविदा स्तर पर पहुंच चुके हैं। प्रदेश में शासन बदलने के बाद वर्तमान भाजपा शासन में कार्यों को यथास्थिति पर रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके कारण विकासकार्य बाधित हो रहे हैं तथा आमजनता को आवागमन में असुविधा हो रही है। इसे देखते हुए विधायक ने उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्यों पर लगी रोक को हटाते हुए पुनः प्रारंभ करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है। विधायक संगीता सिन्हा के पत्र पर मंत्रालय लोक निर्माण विभाग ने मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखा है। पत्र में प्रमुख अभियंता को नियमानुसार परीक्षण के लिए कहा गया है।



### ये कार्य अटके हुए हैं

श्रीमती सिन्हा ने बताया कि जिला बालोद के बोरी से पसौद मार्ग निर्माण, जिला बालोद के बहादुर कलारिन नहर मार्ग, जिला बालोद के दल्ली चौक से पाररास बालोद तक लोहारा बालोद मार्ग सौंदर्यीकरण एवं मार्ग विभाजक निर्माण, जगन्नाथपुर से परसोदा होते हुए ग्राम पापरा तक डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य रूका हुआ है। इसी तरह विकासखण्ड गुरूर के ग्राम पंचायत बोरतरा में मुख्य मार्ग से शासकीय राशन दुकान पहुंच मार्ग का कांक्रीटीकरण, विकासखण्ड बालोद के सांकरा में हायर सेंकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य, गुरूर में हायर सेंकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण, विकासखण्ड बालोद के पीपरछेड़ी में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण तथा मुख्य मार्ग से माध्यमिक शाला वार्ड 02 सुभाष नगर गुरूर में सीसी रोड निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन प्रारंभ नहीं हो पाए हैं।

# जिला पंचायत सीईओ ने सोख्ता गड्ढा निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर जल संरक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत ग्रामीणों के घरों में बनाए जा रहे सोख्ता गड्ढा के निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को पानी के महत्व एवं उपयोगिता की जानकारी देते हुए अपने–अपने घरों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण कर जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. कन्नौजे ने ग्राम अरमरीकला में पहुँचकर सोख्ता गड्ढा के निर्माण का अवलोकन किया और रेत एवं गिट्टी डालकर सोख्ता गड्ढा निर्माण हेतु श्रमदान भी किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बोढ़रा, अरमरीकला एवं गंगोरीपार में तालाब निर्माण के कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

## दो मकानों में चोरी

**भिलाई।** दो सूने मकानों में सेंधमारी कर नगदी और सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि आरोपी आशीष गंधर्व को चोरी मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि सिकोला भाटा बस्ती निवासी भूपेंद्र कुमार और बोरसी कालोनी में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने दोनों मकानों का ताला तोड़कर मकान के भीतर प्रवेश कर सोना चांदी और नगदी पार कर फरार होना स्वीकार किया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

# स्वामी आत्माराम कुंभज के अवतरण दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम



**बालोद।** जिले में स्थित महर्षि मुक्त लोक सेवा सार्वजनिक न्यास की बैठक अध्यक्ष गोविंद राम साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 9 जून को ब्रम्हलीन वेदांत केशरी स्वामी आत्मा राम कुम्भज के अवतरणोत्सव की रूपरेखा सर्व सम्मति से तय की गई।

कार्यक्रम दिवस में स्वामी जी की मूर्ति की स्थापना सह पादुकापूजन प्रातः 9 बजे, मनोज शर्मा द्वारा 10:30 से अध्यात्म निरूपण अध्यात्म वेत्ता, संगीत मर्मज्ञ देवी प्रसाद तिवारी (दुर्ग) द्वारा 1:30 से महाप्रसादी तथा 3 बजे से अवतरण उत्सव पर कवि सम्मेलन का आयोजन तय किया गया है।

मुक्ताश्रम न्यास की ओर से आयोजन प्रमुख पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने सभी गुरु भक्तों ओर सत्संगियों से अधिक अधिक संख्या में शामिल होने अपील करते हुए कहा कि हम गुरु भक्तों के लिए यह महापर्व है। बैठक में अध्यक्ष गोविंद राम साहू, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, सचिव पवन साहू, प्रधानाचार्य शिशु मंदिर संतोष सिन्हा, ओपी गजेंद्र, सागरदास मानिकपुरी, लखन मंडावी, देवेंद्र साहू, समाज अश्वंत साहू, आचार्य घना राम साहू, थान सिंह साहू व सदस्य ओर पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्ताशय कि जानकारी पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने प्रदान की।




| Balod To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

